अंजड़ रोड़ पर पलटी ओवरलोड ऑटो रिक्शा, एक महिला की मौत

▶ हादसे में सात घायल, बाईक को बचाने में हुआ हादसा

बड़वानी, (नवभारत)। शहर के अंजड़ रोड पर नायरा पेट्रोल पंप के सामने बुधवार दोपहर सवारियों से भरी एक ऑटो रिक्शा क्रं. एमपी46आर0298 अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में शहर के सतपुड़ा कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय संगीता पति धनंजय गोले की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सात महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सवार यात्रियों की जानकारी अनुसार रिक्शा में क्षमता से अधिक करीब 11 सवारियां बैठी थी। घायल अनीता बाई ने बताया कि वे सभी यात्री कारंजा चौराहे से रिक्शा में बैठकर ग्राम तलून में खाटू श्याम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव और भंडारे के आयोजन में शामिल होने जा रहे थे। नायरा पेट्रोल पंप के सामने अचानक एक मोटरसाइकिल सामने से आ गई। रिक्शा चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, जिससे रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे दो बार पलटी खा गई, जिससे रिक्शा में सवार यात्री घायल हो गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत घायलों को बाहर निकालकर पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। इस दौरान एक महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे में सात महिला यात्री बुरी तरह घायल हुई हैं, जिन्हें डायल 100, निजी चार पहिया वाहन एवं चार 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। घायलों में रिंकू शांतिलाल 40, अनिता शिवजी 45, रेखा सुभाष 40, विद्या अरुण 55, जमना जगदीश 60, शिवकन्या राजेश 40 और कलाबाई सत्यनारायण 60 शामिल हैं। ये सभी शहर निवासी हैं।

ड्यूटी डॉ गजेन्द्र सिंह सोलंकी के अनुसार घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रिक्शा में क्षमता से अधिक सवारियां बैठी थी, जो हादसे का एक प्रमुख कारण बना। मोटरसाइकिल को बचाने के दौरान संतुलन बिगड़ने से यह घटना हुई। पुलिस ने रिक्शा जब्त कर ली है।

मर्ग कायम कर जांच की शुरू

थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन ने जानकारी दी कि मृतक महिला संगीता पति धनंजय गोले 60 सतपुड़ा कॉलोनी की रहने वाली थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना में संलिप्त मोटरसाइकिल चालक की तलाशकी जा रही है

मप्र की शिक्षा पर सवाल, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

सेंधवा, (नवभारत)। मप्र में 16 जून से नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो चुका है, लेकिन विद्यार्थियों को अभी भी मूलभूत एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इसी गंभीर मुद्दे को लेकर मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में दायर जनहित याचिका की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर एवं न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की खंडपीठ ने राज्य एवं केंद्र सरकार को सूचना पत्र जारी कर 17 अगस्त 2026 तक जवाब तलब किया है।

जनहित याचिका में उठे गंभीर मुद्दे

सेंधवा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन द्वारा प्रस्तुत जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिषेक तुगनावत ने न्यायालय को बताया कि वर्तमान में प्रदेश में लगभग 40 प्रतिशत शिक्षकों के पद रिक्त हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 45 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के प्रत्येक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी राज्य की है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था बच्चों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन कर रही है।

सीएजी रिपोर्ट में उजागर हुई हकीकत

न्यायालय को यह भी बताया कि देश की आजादी के 79 वर्षों बाद भी प्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। कैग की वर्ष 2025 की रिपोर्ट, जो फरवरी 2026 में विधानसभा में प्रस्तुत हुई के अनुसार प्रदेश में 2 लाख 89 हजार स्वीकृत पदों में से 1 लाख 15 हजार 678 पद रिक्त हैं। वहीं 83 हजार 514 स्कूलों में से 5 हजार स्कूल भवन जर्जर हैं, 3 हजार 400 स्कूलों में शौचालय नहीं हैं और 10 हजार स्कूलों में बिजली सुविधा भी उपलब्ध नहीं है।

हजारों स्कूलों में नहीं हैं जरूरी संसाधन

रिपोर्ट के अनुसार 1895 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी शिक्षक नहीं है, 40 हजार स्कूलों में बाउंड्रीवाल नहीं है और हजारों स्कूलों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है। कई स्कूल झोपड़ियों में संचालित हो रहे हैं। डिजिटल इंडिया की बात करने वाले प्रदेश में 59 हजार स्कूलों में कंप्यूटर सुविधा भी नहीं है।

शिक्षा व्यवस्था पर उठते सवाल

याचिकाकर्ता ने न्यायालय को बताया कि पिछले 10 वर्षों में 1 से 12वीं तक के शासकीय स्कूलों में 22 लाख 3 हजार विद्यार्थियों की कमी दर्ज की गई है, जबकि इसी अवधि में जनसंख्या में वृद्धि हुई है।

इसे शिक्षा व्यवस्था में गंभीर गिरावट का संकेत बताया गया है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के जनवरी 2026 के निर्देशों का भी उल्लेख किया गयाए जिसमें सभी स्कूलों में सेनेटरी पैड और पृथक शौचालय अनिवार्य किए गए हैं।

सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल

याचिका में यह भी कहा गया कि राज्य सरकार बजट का लगभग 16 प्रतिशत यानी भारी राशि मुफ्त योजनाओं पर खर्च कर रही है, जबकि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए पर्याप्त बजट नहीं दिखता। वहीं कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के कारण मरम्मत व निर्माण कार्यों में शासकीय निधि का दुरुपयोग हो रहा है।

हाईकोर्ट का निर्देश, सरकार से 17 अगस्त तक जवाब तलब

सुनवाई के बाद न्यायालय ने केंद्र एवं राज्य सरकार को 17 अगस्त 2026 तक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं। याचिकाकर्ता की ओर से प्रदेश के नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य और संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के पालन की मांग न्यायालय के समक्ष रखी गई है।

40 वर्षों की सेवा के बाद जैन सेवानिवृत्त

पानसेमल, (नवभारत)। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि अधिकारी भोमराज जैन विभिन्न पदों पर 40 वर्ष के करीब सेवाओं के बाद सेवा निवृत हुए। शहर के निजी गार्डन में विदाई समारोह का कार्यक्रम हुआ। विधायक श्याम बर्डे व जनप्रतिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों, किसानों ने सम्मान के साथ विदाई दी।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शितोले ने बताया कि उन्होंने किसानों को समय समय पर सहयोग दिया। एसडीएम रमेश सिसोदिया ने कहा कि कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की निरंतर कार्य करना होता है। शासन के जो नियम बने हैं उसके अनुरूप ही कार्य करना पड़ता है। वरिष्ठ कृषि अधिकारी भोमराज जैन ने जिम्मेदारियों का सदैव निर्वहन किया। सेवानिवृत्ति पर एसडीएम ने सहपरिवार उत्तम स्वास्थ्य की कामनाएं की है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सचिन चौहान ने कहा कि किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उन्होंने सदैव सेवा कार्य किए हैं।

विधायक श्याम बर्डे ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा शासन की जनकल्याणकरी योजनाओं को जमीनी स्तर कर कार्य विभाग द्वारा किया जाता रहा है और आगे भी इनके अनुभव का लाभ मिलता रहेगा। उनके इस सेवाकाल को क्षेत्रवासियों द्वारा याद रखा जाएगा। भोमराज जैन ने भी अनुभव सांझा किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजय शिरोडे ने किया। इस दौरान केसी वास्केल, भारत सोलंकी, वीएस बोध, वास्कले, तहसीलदार सुनील सिसोदिया, नायब तहसीलदार राजाराम रानाडे, अनिता खरतिया, नेहा तोमर, सहित अन्य मौजूद थे।

विद्यार्थियों का किया स्वागत

▶ 3 जुलाई तक मनाया जा रहा है प्रवेश उत्सव

पानसेमल, (नवभारत)। उच्च शिक्षा विभाग आयुक्त के आदेशानुसार 1 से 3 जुलाई तक प्रवेश उत्सव के रूप में 3 दिनों तक नव प्रवेशित विधर्थियों को कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों व शासन की योजनाओं, छात्रवृति, आवास एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी मिले। इसके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी, प्रो आरती मुकाती द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा के साथ छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष संस्था प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन मे रहकर व्यक्तित्व का विकास कैसे करे एवं अपना कॅरियर कैसे बनाए इसकी विस्तार से जानकारी दी। डॉ लक्ष्मण रजाने ने महाविद्यालय की स्थापना एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में इंदास बोरसे एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालत कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुनील बागले ने किया।

फोटो - 02

डॉक्टर्स डे पर हुआ कार्यक्रम /बड़वानी। डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन डॉ मनोज खन्ना ने कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों, चिकित्सकों को स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रमाण-पत्र देकर को शुभकामनाएं दी। अतिथि के रूप में सीएमएचओ डॉ जयपाल सिंह ठाकुर ने चिकित्सकों को अपने कर्तव्य के प्रति अनुशासन एवं समर्पण के लिए प्रेरित किया। आरएमओ, अस्पताल प्रबंधक, चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे। ओपीडी प्रांगण में चिकित्सालय के चिकित्सा विशेषज्ञ, द्वारा वृक्षा रोपण भी किया गया।

एक नजर में

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) 'वीबी-जी राम जी' का जिला स्तरीय शुभारम्भ कल

आलीराजपुर। केंद्र सरकार की नई ग्रामीण रोजगार योजना 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम, 2026' के अंतर्गत जिला स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम 02 जुलाई 2026 प्रात: 11:00 बजे ग्राम पंचायत मालवई (मालवई मंदिर), जनपद पंचायत आलीराजपुर में आयोजित किया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों में रोजगार देने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे का विकास करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागरसिंह चौहान होंगे। विशेष अतिथि के रूप में सांसद अनिता नागरसिंह चौहान तथा जिला पंचायत अध्यक्ष हजरीबाई खरत उपस्थित रहेंगी। जिला प्रशासन आलीराजपुर ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन से कार्यक्रम में उपस्थित होकर शुभारम्भ समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

डेली कॉलेज पहुंचे इम्तियाज अली, विद्यार्थियों से किया संवाद

इंदौर. प्रख्यात फिल्म निर्माता-निर्देशक इम्तियाज अली ने डेली कॉलेज में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया. उनके साथ फिल्म निर्माता मोहित चौधरी भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, मंगलगान, छात्रा संजोली कृष्णा द्वारा फिल्म मैं वापस आऊँगा के गीत की प्रस्तुति तथा छात्र सहज अग्रवाल की लघु फिल्म के प्रदर्शन से हुआ. संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने इम्तियाज अली की फिल्मों और उनकी रचनात्मक प्रक्रिया को लेकर सवाल पूछे. हाल ही में प्रदर्शित %मैं वापस आऊँगा के बारे में उन्होंने बताया कि इसकी परिकल्पना पंजाब में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई. उन्होंने कहा कि फिल्म में आजादी के बाद के विस्थापन की पीड़ा के साथ एक संवेदनशील प्रेम कहानी भी है. संगीत परउन्होंने कहा कि उनकी फिल्मों में मुख्य रूप से प्रीतम और ए.आर. रहमान ने संगीत दिया है. विद्यार्थियों के प्रश्नों की सराहना करते हुए इम्तियाज अली ने कहा आपने मुझसे एक भी आसान सवाल नहीं पूछा.

तालाब बना काल : तीन मासूमों की दर्दनाक डूबने से मौत

आलीराजपुर। जिले के आम्बुआ थाना क्षेत्र के ग्राम कोटबू में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। तालाब में नहाने गए तीन मासूम बच्चों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद कोटबू और आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों बच्चे दोपहर में तालाब पर नहाने गए थे। इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से वे डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही आम्बुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से बच्चों को तालाब से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

यह दर्दनाक घटना एक बार फिर बरसात के मौसम में जलाशयों के आसपास बरती जाने वाली सावधानी की आवश्यकता की याद दिलाती है। प्रशासन और अभिभावकों से अपील है कि बच्चों को बिना निगरानी के तालाब, नदी और अन्य जलाशयों के पास न जाने दें, ताकि ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

डिप्लोमा प्रवेश काउंसलिंग 4 जुलाई से होगी शुरू

आलीराजपुर . प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आलीराजपुर ने जानकारी देकर बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की संस्था स्तरीय काउंसलिंग 4 जुलाई से 12 अगस्त तक होगी। 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे, जबकि प्रवेश प्रक्रिया प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को संस्था में होगी। आईटीआई/12वीं (गणित) उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए लेटरल एंट्री से द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु पंजीयन 26 जुलाई तक तथा प्रवेश 3 से 8 अगस्त तक दिए जाएंगे।

रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

▶ जिला चिकित्सालय की सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर हुई विस्तृत समीक्षा

आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में बुधवार को जिला रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा उपकरणों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा अस्पताल की सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला चिकित्सालय आलीराजपुर में विगत दो वर्षों के दौरान किए गए विकास कार्यों, गुणवत्ता सुधार गतिविधियों तथा मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रकाश ढोके ने बताया कि जिला चिकित्सालय में एनक्यूएएस (ह्क्रस्), लक्ष्य (*LaQshya*), मुस्कान एवं कायाकल्प कार्यक्रमों के अंतर्गत सतत गुणवत्ता सुधार गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप अस्पताल की सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त आपातकालीन (इमरजेंसी) यूनिट का विकास एवं सुदृढ़ीकरण, नवीन मीटिंग हॉल का निर्माण एवं उन्नयन, मरीजों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर स्टेशन की स्थापना तथा व्हीलचेयर की संख्या में वृद्धि की गई है। मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए आरओ सहित पांच वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त रक्त बैंक, एसएनसीयू, प्रसूति कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, डायलिसिस यूनिट एवं अन्य विभागों में गुणवत्ता मानकों के अनुरूप आवश्यक निर्माण एवं सुधार कार्य किए गए हैं। अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 45 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी प्रणाली स्थापित की गई है। साथ ही मरीजों की सुविधा के लिए प्रत्येक पलंग पर सेंट्रल ऑक्सीजन प्वाइंट उपलब्ध कराए गए हैं। जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए किए गए विभिन्न कार्यों सहित रोगी कल्याण समिति की आय-व्यय का विवरण भी बैठक में प्रस्तुत किया गया।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अतुलकर को निर्देश दिए कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों का अनावश्यक रेफरल रोका जाए तथा यथासंभव जिला चिकित्सालय में ही उनका समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

> उन्होंने जिला चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण कर मरीजों के साथ आने वाले परिजनों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था विकसित करने, अस्पताल में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने तथा मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने के निर्देश भी दिए।
>
> बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर, सिविल सर्जन डॉ. प्रकाश ढोके, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दामिनी पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों सहित रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

सुरक्षा जालियों में जमा कंक्रीट मलबा हटाया

26 जून को प्रकाशित नवभारत की खबर का असर

नवभारत न्यूज़

इंदौर. 26 जून को नवभारत में प्रकाशित समाचार का असर देखने को मिला। पुरातात्विक महत्व की इमारत पर सुरक्षा जालियों (नेट) में जमा कंक्रीट का मलबा हटा दिया गया. मामले की जानकारी मिलने पर नगर निगम के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और भवन स्वामी को कड़ी हिदायत दी कि राजवाड़ा जैसे अत्यंत व्यस्त और ऐतिहासिक क्षेत्र में इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऐसी लापरवाही से राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है. निगम की चेतावनी के बाद भवन स्वामी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नेट पर जमा समस्त कंक्रीट का मलबा साफ करवा दिया.

शहर के सौ सरकारी स्कूलों में लगेंगे आरओ व वाटर कूलर

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के सौ सरकारी स्कूलों में आरओ एवं वाटर कूलर लगाए जाएंगे. इसके लिए ओएनजीसी और संसद सेवा संकल्प के तहत 70 लाख रुपए की राशि रखी गई है. इसकी शुरुआत पहले चरण में शहर के 29 सरकारी स्कूलों से की गई है.

सांसद शंकर लालवानी की पहल पर 100 सरकारी स्कूलों में छात्र छात्राओं को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा मिलेगी. प्राकृतिक गैस मंत्रालय के उपक्रम ओएनजीसी की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी निधि एवं सांसद सेवा संकल्प के सहयोग से लगभग 70 लाख रुपए की लागत से 100 आरओ सिस्टम एवं 100 स्टेनलेस स्टील वाटर कूलर स्थापित किए जा रहे हैं. इसकी शुरुआत प्रथम चरण में 29 शासकीय विद्यालयों से की गई. शासकीय नवीन मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इस बात की जानकारी दी गई. सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि स्वस्थ विद्यार्थी ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं. इसी सोच के साथ शासकीय विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल की यह व्यवस्था की जा रही है. उन्होंने कहा कि कई विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी होती थी. अब आरओ एवं स्टेनलेस स्टील वाटर कूलर स्थापित होने से हजारों विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध होगा।

दूरदर्शी व प्रेरणादायी प्रयास

जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन ने सांसद पहल की सराहना करते हुए कहा कि शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल प्रत्येक विद्यार्थी का मूल अधिकार है . बच्चों के स्वास्थ्य, एकाग्रता, नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी और प्रेरणादायी प्रयास है . कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा, ओएनजीसी से पीयूष आर्य, जिला शिक्षा उप अधिकारी सुदीप निगवाल, इनहिबो शिक्षा संस्थान मुक्ति जैन, सांदीपनी कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य रामकृष्ण कोरी, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य, शिक्षक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे .

कियोस्क सेंटर संचालकों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिता के निर्देश

आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देश पर जिले के सभी एसडीएम ने कियोस्क सेंटर संचालकों की बैठक लेकर उर्वरक वितरण को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। कहा गया कि ई-टोकन केवल किसान की वास्तविक फसल एवं आवश्यकता के आधार पर ही जारी किए जाएं तथा किसानों को देय राशि की तत्काल जानकारी दी जाए। शासकीय एवं सहकारी केंद्रों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि ई-टोकन जारी करने में अनियमितता या नियमों की अवहेलना करने वाले संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।